ज्ञान-विज्ञान विमुक्तये

प्रो. रजनीश जैन
सचिव
Prof. Rajnish Jain
Secretary

सत्यमेव जयते

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग
University Grants Commission
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार)
(Ministry of Education, Govt. of India)
बहादुरशाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002
Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Ph :. 011-23236288/23239337
Fax : 011-2323 8858
E-mail : secy.ugc@nic.in

सं.मि.14-5/2018 (सीपीपी-II) **19 फरवरी, 2021**

माननीय महोदया/महोदय,

जैसा कि आप जानते हैं, यूनेस्को द्वारा 1999 में 21 फरवरी को **अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस** के रूप में घोषित किया गया है। हर वर्ष, देश भर के सभी उच्चतर शैक्षिक संस्थानों को परामर्श दिया जाता है कि वे वाग्मिता (एलोक्यूशन), वाद-विवाद, गायन, निबंध लेखन और पेंटिंग प्रतियोगिताओं, संगीत और नाट्य प्रदर्शन, प्रदर्शनी आदि जैसे विभिन्न कार्यकलापों का आयोजन करें। इस वर्ष, शिक्षा और संस्कृति मंत्रालयों द्वारा मातृभाषा दिवस 21 से 23 फरवरी, 2021 तक वेबिनार के रूप में संयुक्त रूप से मनाया जा रहा है।

मातृभाषा दिवस का उद्घाटन समारोह 21.02.2021 को सुबह 11.00 बजे से दोपहर 12.00 बजे के बीच वर्चुअल माध्यम से आयोजित किया जाएगा, इस अवसर पर श्री वेंकैया नायडू, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति मुख्य अतिथि होंगे और माननीय शिक्षा मंत्री, माननीय संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (प्रभारी) और शिक्षा राज्य मंत्री सम्मानित अतिथि होंगे।

आपसे अनुरोध है कि सामाजिक दूरी के प्रोटोकॉल और मानदंडों का पालन करते हुए अपने विद्यार्थियों/शिक्षकों को वेबिनार में भाग लेने और 21 फरवरी, 2021 को 'मातृभाषा दिवस' मनाने के लिए प्रोत्साहित करें। वेबिनार का लिंक webcast.gov.in/mhrd.education/gov.in और education.gov.in/hi है।

सादर,

भवदीय,

रजनीश

(प्रो. रजनीश जैन)

सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति
महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य
सभी अंतर-विश्वविद्यालय केन्द्रों के निदेशक